गोलालारीय समाज का मुखपत्र

golalariya.darshan@gmail.com
गोलालारीय दर्शन यहां भी देख सकते है -
www.golalariya.com
9406744064

मासिक
# गोलालारीय दर्शन
सफलता के 13 वर्ष
अपनों के साथ अपनी बातें
लेट पोस्टिंग

RNI No. MPHIN/2008/26873
No. MP/IDC/1252/2021-2023

सेवा में,

जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं । हृदय नहीं वह पत्थर है, जिसको समाज से प्यार नहीं ।

वर्ष : 13 अंक : 10 पृष्ठ संख्या : 6 माह - 15 अगस्त 2022 सहयोग राशी 1100/- देकर सदस्य बनें ।

# सफल और सक्षम पीढ़ी का अभिनंदन

## बधाईयां... बधाईयां... बधाईयां...


**डॉ. इशिता जैन,** जबलपुर
कार्तिका असितकुमार जैन
MBBS
72.16%


**अमीषा जैन,** इन्दौर
अर्चना नितिन जैन
प्रथम प्रयास में
CA Final उत्तीर्ण


**सोमिल जैन,** झांसी
राखी कमलेश जैन
12th CBSE Bio
97.8%


**दीक्षा जैन,** भोपाल
सपना राजेश जैन
12th CBSE Comm.
96%


**कृतिन जैन,** इन्दौर
मीना मनीष जैन
12th CBSE Maths
95.6%


**अनिशा जैन,** ग्वालियर
सुषमा जिनेश जैन
12th CBSE Comm.
95%

हमारे इन नौनिहालों की उत्कृष्ट प्रतिभा को देखते हुए सर्वत्र यही स्वर गूंज रहे हैं।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होते ही बधाइयों का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम इस मायने में भी विशेष हैं कि कोरोना काल के पश्चात पुनः विद्यालय खुले और नियमित शिक्षण प्रारंभ हुआ किंतु यह अनेक नई चुनौतियों से भरपूर था। 2 वर्ष से अधिक समय घरों में कैद, ऑनलाइन शिक्षा के अनुकूल अपने आप को ढालते हुए हमारे विद्यार्थी, शिक्षक और उनके माता-पिता सभी एक अलग प्रकार के संघर्ष के अभ्यस्त हो चले थे। इस अवधि में हमारी परंपरागत शिक्षण पद्धतियों को नकारते हुए एक नई शिक्षण पद्धति ऑनलाइन शिक्षा के रूप में हमारे जीवन का अंग बनी। निसंदेह इसमें अनेक खूबियां थी तो कई खामियां भी थी। किंतु हमारे नौनिहालों ने 'आपदा में अवसर' की उक्ति को चरितार्थ करते हुए अपने आपको विपरीत परिस्थितियों में भी समायोजित कर उत्कृष्ट परिणाम दिए और उच्चतम अंकों के साथ लक्ष्य प्राप्त किया।

उन्होंने हमारे इस विश्वास को दृढ़ किया कि आगामी पीढ़ी में हर तरह की चुनौतियों को स्वीकार कर सफलता प्राप्त करने का जुनून है। उनके इस जज्बे को सलाम करते हुए उनके माता-पिता और गुरुजनों को भी हम बधाइयां देते हैं, जो कठिन समय में अपने बालक बालिकाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनका मार्ग प्रशस्त कर हौंसला देते रहे।

माता पिता के सामाजिक दायित्व बोध के परिणामस्वरूप आज हमारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं गोलालारीय दर्शन के मुखपृष्ठ की शोभा बढ़ा रहे हैं। हमारा विशेष निवेदन उन माता पिता से है जो अपने इस सामाजिक दायित्व की उपेक्षा कर उभरती प्रतिभाओं को समाज के समक्ष लाने में रुचि नहीं दिखाती। बेशक आप के पुत्र और पुत्री की सफलता से आपको बहुत गर्व और प्रसन्नता होती है, इनमें से कई होनहारों के चित्र बड़े-बड़े राष्ट्रीय अखबारों में भी छपते हैं। किंतु अपने समाज के मुखपत्र मे उसका विवरण और चित्र देने में हम उतनी सक्रियता नहीं दिखाते, जबकि हम इस समाज के प्रतिनिधि है। यदि समाज की पहचान हमसे है तो हमारी पहचान भी हमारे समाज से होती है, इस सत्य को हमें स्वीकार करना होगा। केवल पुत्र और पुत्री के विवाह के समय ही समाज को प्राथमिकता देने से हमारा उद्देश्य सफल नहीं होगा। अपने बच्चों को समाज से जोड़ने का यह एक उत्तम अवसर है। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष प्रतिभाशाली छात्रों के कम आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसका कारण समाज के कम परिवारों तक गोलालारीय दर्शन की उपलब्धता हो सकती है। इसके लिए आप समाज के सोशल मीडिया पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सोशल मीडिया के द्वारा पूरे देश के विभिन्न भागों से समाज के परिवारों को जोड़ने की व्यवस्था की गई है। गोलालारीय दर्शन 9406744064 पर आप अपना मोबाइल नंबर, नाम व शहर का नाम देकर जुड़ सकते हैं। तो आज से प्रण करें कि समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने के लिए भी हम उतने ही तत्पर रहेंगे जितने पारिवारिक दायित्वों को निभाने के लिए होते हैं। - अनुपमा जैन




**रीथ जैन,** इन्दौर
विनिता-आशीष जैन
12th CBSE Maths
94.4%


**उत्कर्ष जैन,** इन्दौर
सपना भरत जैन
12th CBSE Bio
94%


**अनन्या जैन,** इन्दौर
सोनाली विवेक जैन
12th CBSE Comm.
92.2%


**अपूर्व जैन,** ललितपुर
मालती आशीष जैन
12th CBSE Comm.
92%


**चहक जैन,** इन्दौर
गरिमा-पंकज पवैया
Board Bio
91.80%



# प्रयास रिश्तों को जोड़ने की एप्लीकेशन का लोकार्पण

"'प्रयास'"
रिश्तों को जोड़ने का

अनुमा जैन, इन्दौर । हमारे लिए बड़े ही गर्व का दिन है कि **"प्रयास रिश्तों को जोड़ने का..."** ऑनलाईन प्रविष्टि फार्म भरने के लिए (मोबाइल/कम्प्यूटर) लिंक का लोकार्पण किया गया ।

1008 पार्श्वनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक दिवस 4 अगस्त के पावन पर्व पर उक्त लिंक के माध्यम से सरलता पूर्वक ऑनलाईन प्रविष्टि भरने की सुविधा समाजजनों के लिए व्हाट्सएप/टेलीग्राम प्लेटफार्म पर निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

वर्तमान परिवेश में जहां अधिकांश विवाह योग्य प्रत्याशी और उनके अभिभावक ऑनलाईन प्रविष्टि भरने के इच्छुक रहते हैं, इस माध्यम से सरलतापूर्वक सभी आवश्यक जानकारी भरी जाती है । **प्रयास रिश्तों को जोड़ने का** की टीम के प्रयासों से निर्मित इस लिंक द्वारा प्रविष्टि फार्म मोबाईल के द्वारा आसानी से भर सकते हैं। फॉर्म के जमा होते ही आपके ईमेल पर जमा फार्म की प्राप्ति रसीद व आपके द्वारा भेजी गई जानकारी की इमेज प्राप्त हो जायेगी । इस प्रकार प्रविष्टि प्रकाशन में त्रुटियों की संभावना नगण्य हो जावेगी । इस एप्लीकेशन को दो भागों में बांटा गया है । प्रथम भाग में प्रत्याशी की जानकारी सुरक्षित (Save) करते ही द्वितीय भाग खुल जायेगा जिसमें आप भुगतान का विवरण भर सकेंगे, पूर्ण विवरण भरते ही आपका फार्म स्वीकार हो जायेगा । प्रयास रिश्तों को जोड़ने का पत्रिका के लिए प्रविष्टि शुल्क रु. 500 (कोरियर/डाक खर्च सहित) व रु. 300 बिना पत्रिका के निर्धारित किया गया है ।

समग्र जैन समाज के विवाह योग्य प्रत्याशियों की प्रविष्टि प्राप्त करने की हम आप सभी के सहयोग से पूरी कोशिश कर रहे हैं। हमारा समाज के वरिछजनों व समाज के प्रतिनिधियों से सादर अनुरोध है कि वे अपने नगर के विवाह योग्य प्रत्याशियों को ऑनलाईन लिंक का मैसेज फारवर्ड कर प्रविष्टि भरवाने में सहयोग करें क्योंकि पत्रिका में जितनी अधिक प्रविष्टि रहेगी, अभिभावकों को उतना ही अधिक लाभ मिल सकेगा । इस एप्लीकेशन को तैयार करने में इन्दौर गोलालारीय समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री अजीतकुमार-कल्पना जैन के सुपुत्र इंजी. आनंद जैन जो Chepter247 infotech pvt. Ltd. में डायरेक्टर हैं, उनका विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा उन्हीं के अथक प्रयासों से यह महत्वपूर्ण एप्लीकेशन तैयार हो पाई हैं।